वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 19 | मंगलवार 14 मई 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

### भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने भाजपा प्रदेश प्रवक्ता और पैनेलिस्टों की ली बैठक

# लोकसभा चुनावों में भाजपा मीडिया टीम द्वारा किए गए कार्यों की गोठवाल ने की प्रशंसा, आगामी रणनीति पर दिए निर्देश

### भाजपा प्रवक्ता और पैनेलिस्ट मोदी सरकार की योजनाओं को तथ्यों के साथ मीडिया डिबेट में करें शामिल...

**जयपुर. शाबाश इंडिया**




भाजपा प्रदेश महामंत्री और खण्डार विधानसभा से विधायक जितेंद्र गोठवाल ने आज भाजपा कार्यालय में प्रदेश प्रवक्ता, पैनेलिस्ट और मीडिया टीम के सदस्यों की बैठक ली। इस दौरान भाजपा प्रवक्ता और पैनेलिस्ट से विभिन्न विषयों पर चर्चा करने के साथ सुझाव भी मांगे गए। वहीं भाजपा मीडिया टीम द्वारा लोकसभा चुनावों में किए गए कार्यों की प्रशंसा की और आगामी रणनीति को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के सभी प्रवक्ता और पैनेलिस्टों को समसामयिक घटनाओं के साथ विषयों की समझ होनी चाहिए। केंद्र की मोदी सरकार ने पिछले 10 सालों में ''सबका साथ, सबका विकास'' नीति पर कार्य किए है। ऐसे में सभी प्रवक्ताओं और पैनेलिस्टों को मोदी सरकार की योजनाओं को तथ्यों के साथ डिबेट में शामिल किया जाना चाहिए। गोठवाल ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस द्वारा सरकार की योजनाओं पर झूठ फैलाकर जनता को गुमराह किया जा रहा है, ऐसे में प्रवक्ता और पैनेलिस्टों द्वारा विषय पर स्थिति को साफ करते हुए विपक्ष की कुनीति को जनता के सामने लाने का काम करना चाहिए। प्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा आम जन के पक्ष में लगातार एक के बाद एक ऐतिहासिक फैसले किए जा रहे है, जबकि कांग्रेसी नेताओं द्वारा जनता को भ्रमित किया जा रहा है। भाजपा के सभी पदाधिकारियों के साथ प्रदेश प्रवक्ता और पैनेलिस्ट भाजपा सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करें। बैठक में प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, सह संयोजक मेहराज सिंह चौधरी, प्रवक्ता प्रताव राव कोशिक, विकास सोमानी, पैनेलिस्ट श्याम सुंदर झा, अटल खंडेलवाल, नमित जैन, मदन प्रजापत, विकास बारहठ, नम्रता सिंह एंव प्रदेश मीडिया कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर महामंत्री जितेंद्र गोठवाल और भाजपा कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक ने दोपहर को प्रदेश कार्यालय स्टाफ से संवाद किया। इस दौरान स्टाफ द्वारा विधानसभा और लोकसभा चुनावों में किए गए कार्य की प्रशंसा की और उनके अनुभव साझा करने के साथ ही आगामी कार्यों पर चर्चा की। इस दौरान गोठवाल ने कहा कि भाजपा संगठन में प्रत्येक कार्यकर्ता अनुशासन की पालना करता है। भाजपा के कार्यकर्ता के साथ स्टाफ भी अनुशासन को सर्वोपरि मानता है। भाजपा के प्रत्येक स्टाफ और कार्यकर्ता की मेहनत एवं परिश्रम से ही प्रदेश में भाजपा सरकार बनी है और केंद्र में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनेगी।

### मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा...

# ड्रग्स अपराधियों के विरूद्ध मुहिम चलाकर सख्त कार्यवाही करें



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मुख्य सचिव सुधांश पंत द्वारा सोमवार को शासन सचिवालय में गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनन्द कुमार व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पुलिस विभाग, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, कारागार, गृह रक्षा, अभियोजन तथा राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला के विभागाध्यक्षों के विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने निर्देश दिये कि राज्य में मादक पदार्थ, खनन माफिया, संगठित अपराध के विरूद्ध सघन निरोधात्मक कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिला अत्याचार के प्रति अति संवेदनशील है। महिलाओं के साथ किसी भी तरह की घटना होने पर उसकी त्वरित जांच कर अपराधी को सजा दिलवाना सुनिश्चित किया जाये। इसके लिए सभी कार्मिकों तथा कम्युनिटी पुलिसिंग को भी क्रियाशील किया जाये जिससे अपराधियों में भय व आमजन में विश्वास हो। मुख्य सचिव पंत ने निर्देश दिये कि अपराधियों को सजा दिलवाने हेतु राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला द्वारा त्वरित सेंपल परीक्षण किये जायें। जेलों में नवीनतम तकनीकों का अध्ययन कर जैमर/टावर लगवाये जाये ताकि जेल से अपराधियों द्वारा बाहर सम्पर्क नहीं किया जा सके। बैठक में रश्मि गुप्ता, यू.आर. साहू, महानिदेशक पुलिस, राजेश निर्वाण, महानिदेशक, गृह रक्षा व कारागार, रवि प्रकाश मेहरड़ा, महानिदेशक, एसीबी, रवि शर्मा, निदेशक, अभियोजन, अजय शर्मा, निदेशक, एफएसएल व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भाग लिया गया।

# अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज के प्रवचन



जो समर्पण से मिल सकता है, वो अकड़ने से कभी नहीं मिल सकता..
बड़ो के सामने बड़े बनोगे तो विरोध होगा, और
यदि छोटे बन जाओगे तो सब कुछ मिल जायेगा..!
प्रभु की छाँव और गुरू की ठाँव बड़े नसीबों से मिलती है। जिस पर प्रभु और गुरु कृपा बरस रही है वो किस्मत का धनी है। अभागा वो नहीं जिस पर माँ बाप का साया नहीं है और ना वो अभागा है जिसके पास माया नहीं है, बल्कि सही अर्थों में वो अभागा है जिसके सिर पर प्रभु की कृपा और गुरू की छाया नहीं है। जिसकी जुबान पर प्रभु का नाम और गुरु का गुणानुवाद नहीं है या जिसके दिल में प्रभु की चाहत नहीं है और मन में गुरू की मूरत नहीं है, वो संसार का सबसे अभागा इंसान है। बड़े-बुजुर्गों से केवल आशीषों की अपेक्षा रखो, उनसे मान सम्मान की अपेक्षा रखोगे तो टकराव होगा.. जिससे सबकी मानसिक अशान्ति भंग होगी...!
**-नरेंद्र अजमेरा पियुष कासलीवाल औरंगाबाद।**

# भगवान अभिनन्दन नाथ के जयकारों से गूंज उठे जिनालय

### मनाया जैन धर्म के चौथे तीर्थंकर भगवान अभिनन्दन नाथ का गर्भ व मोक्ष कल्याणक, पूजा अर्चना के हुए विशेष आयोजन, चढ़ाया निर्वाण लाडू



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन धर्म के चौथे तीर्थंकर भगवान अभिनन्दन नाथ का गर्भ व मोक्ष कल्याणक दिवस सोमवार, 13 मई को भक्ति भाव से मनाया गया। इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन किये गये। मोक्ष का प्रतीक निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद जैन 'कोटखावदा' के अनुसार इस मौके पर मंदिरों में प्रातः भगवान अभिनन्दननाथ के अभिषेक, शांतिधारा के बाद पूजा अर्चना की गई । पूजा के दौरान गर्भ कल्याणक श्लोक का उच्चारण करते हुए अर्घ्य चढ़ाया गया। तत्पश्चात निर्वाण काण्ड भाषा का वाचन कर मोक्ष कल्याणक श्लोक ''जोगनिरोध अघातिघाति लहि,गिरिसमेदतै मोख। माससकल सुखराश कहे,वैशाखशुकल छठ चोख। चतुरनिकाय आत तित कीनो,भगतभाव उमगाय। हम पूजै इत अरघ लेय जिमि,विघनसघन मिट जाय'' का उच्चारण कर मंत्रोच्चार के साथ निर्वाण लाडू व अर्घ्य चढ़ाया गया। भगवान अभिनन्दननाथ की महाआरती के बाद समापन हुआ । जैन के मुताबिक शांतिनाथ जी की खोह स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर अतिशय क्षेत्र में मोक्ष का प्रतीक निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। तत्पश्चात महाआरती में श्रद्धालु झूम उठे।

# सतवाडा राजमहल में आयोजित होने वाले वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव की आमंत्रण पत्रिका का हुआ विमोचन



**विमल जोला. शाबाश इंडिया**

टोंक। सतवाडा.( राजमहल, की देवली ) में 18 - 19 मई को आयोजित होने वाले दो दिवसीय नव निर्मित जिनालय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव की आमंत्रण पत्रिका का विमोचन किया गया । विमोचन सोमवार को जिला प्रमुख आवास पर जिला प्रमुख सरोज बंसल टोंक भाजपा नेता नरेश बंसल ने किया। विमोचन कार्यक्रम में सरावगी समाज टोंक के अध्यक्ष रमेश छाबड़ा प्रकाश पटवारी अशोक छाबड़ा, विमल जौंला,हितेश छाबड़ा, विरेन्द्र कासलीवाल ज्ञानचंद जैन टोंक शकुंतला छाबड़ा रेखा जैन बीना छामुनियां आदि श्रद्धालु मौजूद थे। जैन धर्म प्रचारक विमल जौंला ने बताया कि आगामी दिनों में 18 एवं 19 मई को प्रतिष्ठाचार्य पण्डित जिनेश शास्त्री जयपुर के निर्देशन में नवीन जिनालय वेदी प्रतिष्ठा एवं जिनबिम्ब स्थापना महोत्सव का आयोजन किया जाएगा जिसमें लाड़देवी जैन महावीर प्रसाद इन्द्रा पाटनी ज्ञानचंद बीना पाटनी बन्थली वाले महोत्सव का ध्वजारोहण करेंगे। जौंला ने बताया कि महोत्सव के मुख्य अतिथि जस्टिस नरेंद्र कुमार जैन चैयरमेन राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान आयोग भारत सरकार नई दिल्ली होंगे। महोत्सव में सोधर्म इन्द्र विनयलता देवी पीयूष जैन कासलीवाल होंगे।




# नव ज्योति स्कूल के दसवीं कक्षा की छात्रा उर्मिला ने बोर्ड परीक्षा में 98.8% अंक प्राप्त किए




**रमेश भार्गव. शाबाश इंडिया**

ऐलनाबाद। शहर के नवज्योति सीनियर सेकेंडरी स्कूल का हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड का दसवीं का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। इस बार भी नव ज्योति सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा व एक नया कीर्तिमान स्थापित किया।विद्यार्थियों के सफल परीक्षा परिणाम पर विद्यार्थियों के सम्मान में विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया व विद्यार्थियों को फूल मालाएं पहनाई व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया , स्कूल निदेशक डॉ करुण मेहता ने बताया कि उर्मिला सुपुत्री राजेंद्र कुमार ने 494/500 ( 98.8% )अंक प्राप्त करके पूरे सिरसा ज़िले को गोरवानित किया व स्कूल में प्रथम स्थान पर रही,उर्मिला ने कहा कि वह डाक्टर बनकर लोगों की सेवा करना चाहती है। अपने इस परिणाम का श्रेय उर्मिला ने अपने माता- पिता, स्कूल मैनेजमेंट, प्राचार्या के साथ अपने अध्यापकों को दिया। उर्मिला ने कहा की इस परीक्षा परिणाम में स्कूल का बहुत सहयोग रहा है। विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन करने पर विद्यालय चेयरमैन ईश कुमार मेहता ने बच्चों को बधाई दी। विद्यार्थियों ने भी अपने गुरुजनों को मिठाई खिलाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। सफलतम परीक्षा परिणाम पर प्रबंधकीय निदेशक जगदीश मेहता ,प्राचार्या सरिता मेहता ने बच्चों को अग्रिम शुभकामनाएं दीं। सभी विद्यार्थियों के साथ साथ उनके अभिभावकों ने भी इस खुशी के मौके पर शिरकत की। सफलता मिलने पर विद्यार्थियों ने सहपाठियों संग खुशी का जश्न मनाया।

# नमन सरावगी ने सीबीएसई बोर्ड कक्षा 12 वाणिज्य संकाय में 97% अंक प्राप्त किए



**सुजानगढ़. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन समाज सुजानगढ़ निवासी जयपुर प्रवासी कंवरीलाल काला के सुपौत्र आयुष्मान नमन सरावगी सुपुत्र नवीन कुमार सरावगी ने सीबीएसई बोर्ड कक्षा 12 वाणिज्य संकाय में 97% अंक प्राप्त कर सफलता अर्जित की है। श्री दिगम्बर जैन समाज सुजानगढ़ द्वारा नमन को हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य की जिनेन्द्र भगवान से मंगल कामना की। अध्यक्ष सुनील जैन सडूवाला, मंत्री पारसमल बगड़ा, बसंत कुमार पाटनी, खेमचंद बगड़ा,पूर्व पार्षद उषा देवी बगड़ा, महावीर प्रसाद पाटनी ने भी शुभकामनाएं दी।






# वेद ज्ञान

## आत्मनिरीक्षण की कला

जीवन की सफलता में जितना सहायक मानसिक संतुलन होता है, उतना शायद अन्य कोई साधन ही उपयोगी सिद्ध हो सकता है। संतुलित मन वाला व्यक्ति ही विनम्र और अच्छा व्यवहार कर सकता है। उसी में वह विशेषता होती है जो मैत्री को बढ़ाने और कटुता को घटाने में सहायक सिद्ध हो सके। शिष्टाचार की सामान्य सी भूल भी अन्य लोगों को खल जाती है और वे उसे अशिष्टता, अवमानना मान बैठते हैं। यह बात याद रखना चाहिए कि जिसके मित्र, शुभचिंतक, समर्थक, प्रशंसक अधिक होते हैं वह आगे बढ़ता है। जिसके निंदक, विरोधी अधिक होते हैं उसके कामों में भी देरी होती है। सौजन्य ही वह कला है जो मित्र बढ़ाती है और विरोधीजनों को घटाती है। सज्जनता किसी के ऊपर अहसान करना नहीं, बल्कि इससे अपने लिए ही मनुष्य सम्मान और सहयोग का क्षेत्र विस्तृत करता है। इस बिना व्यय की विशिष्टता को अर्जित करने में एक ही प्रमुख कठिनाई है, मस्तिष्क को असामान्य स्थिति में आवेशग्रस्त या गया-गुजरा अनगढ़ स्तर का न रखना। जिसे अपने कार्य-व्यवहार में जनसंपर्क साधना होता है उसे उपहास, व्यंग्य, तिरस्कार की आदत छोड़ ही देना चाहिए। इसके लिए शिष्टाचार के किसी विद्यालय में पढ़ने की आवश्यकता नहीं है। मस्तिष्क को शांत और संतुलित बनाए रखने की विद्या से यह सामान्य स्वभाव स्वयं ही बन जाता है। जो अपने सेवक, स्वामी, मित्र, परिवारी, पड़ोसी आदि के प्रति अपनी ओर से शिष्टाचार का व्यवहार करता है, उसके प्रति न तो अन्याय हो सकते हैं और न ही कोई उसकी अवमानना कर सकता है। फलस्वरूप वह सदैव फायदे में ही रहता है। जो गलतियां हो चुकी हैं, उन्हीं पर सदा सोचते रहने से मन अपने आपको अपराधी की स्थिति में पाता है और आत्मविश्वास खो बैठता है। ऐसी स्थिति में उचित यही है कि जिन भूलों का जिस रूप में परिमार्जन-प्रायश्चित हो सकता हो उसे किया जाए। शिक्षा अनुभवी लोगों से ली जा सकती है। जो मन को निरंतर साथ रहने वाला फलदायी देवता मानते रहे हैं और जिन्होंने आत्म परिष्कार के आधार पर उत्थान किया है, उन्हीं की सलाह उचित है।

# संपादकीय

## निरंतर तेजी से बढ़ रही है कृत्रिम बुद्धिमत्ता की दुनिया

कृत्रिम बुद्धिमत्ता की नित नई होती दुनिया पर सबकी नजर स्वाभाविक और सुखद है। इंटरनेट पर अब लोगों के लिए केवल सर्च इंजन नहीं, बल्कि एआई से लैस बेहतर सर्च इंजन की उपलब्धता सुनिश्चित होने वाली है। इंटरनेट की दुनिया में यह सबसे बड़ी खबर है कि ओपनएआई एक नए कृत्रिम बुद्धिमत्ता-संचालित सर्च इंजन की घोषणा के लिए तैयार है। यह घोषणा किसी भी समय हो सकती है और इसके साथ ही गूगल की



बादशाहत को भी चुनौती मिलने लगेगी। अभी गूगल का सर्च इंजन हर कंप्यूटर और हरेक स्मार्टफोन में मौजूद है, पर जब ओपनएआई का कृत्रिम बुद्धिमत्ता वाला सर्च इंजन सक्रिय हो जाएगा, तो स्थितियां बदलेंगी। वैसे पर्प्लेक्सिटी नामक एक सर्च इंजन भी लगातार विकसित हो रहा है, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता से लैस है, लेकिन ओपनएआई का सर्च इंजन विशेष होगा। यह गौर करने की बात है कि ओपनएआई ने बड़ी संख्या में गूगल के विशेषज्ञ प्रोग्रामरों को अपने यहां बहाल किया है, जिससे यह संभावना बढ़ी है कि ओपनएआई दुनिया के सामने कुछ बहुत खास पेश करने वाला है। माइक्रोसॉफ्ट समर्थित ओपनएआई कृत्रिम बुद्धिमत्ता में अभी सबसे आगे है। चैटजीपीटी भी ओपनएआई का अब तक का सफलतम उत्पाद है। अब नए सर्च इंजन के आने से ओपनएआई के चैटजीपीटी की क्षमताओं में वृद्धि की उम्मीद है, जिससे यह वेब से वास्तविक समय में या तत्काल जानकारी प्राप्त कर सकेगा और अपनी प्रतिक्रियाओं में अनेक उद्धरण शामिल कर सकेगा। यह अक्सर कहा जा रहा है कि चैटजीपीटी काफी मशीनी या एकरूपता वाले पाठ पेश कर रहा है, जबकि बाजार में ज्यादा विविधता वाले ऐसे पाठों की जरूरत है, जो मशीनी नहीं, बल्कि ज्यादा मानवीय लगें। एक ही तरह के बनावटी, घिसे-पिटे जवाबों या पाठों की शिकायतें बार-बार आ रही हैं। गूगल ही नहीं, बल्कि माइक्रोसॉफ्ट की भी कोशिश है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्षेत्र में त्रुटिहीन या कम त्रुटियों वाले उत्पाद पेश करे। हालांकि, ऐसा नहीं है कि पहली बार ओपनएआई का जुड़ाव किसी सर्च इंजन से होने जा रहा है। इसके पहले ओपनएआई ने माइक्रोसॉफ्ट के ही सर्च इंजन बिंज के साथ मिलकर काम किया है, जिसका लाभ चुनिंदा या प्रीमियम उपयोगकताओं को ही मिला है। इंटरनेट की दुनिया में लोगों को नए सर्च इंजन का इंतजार तो है, पर ओपनएआई के ही एक शोधकर्ता द्वारा बनाए गए पर्प्लेक्सिटी की भी लोकप्रियता बढ़ी है और इस कंपनी का बाजार भाव एक अरब डॉलर से ज्यादा हो चुका है। बहरहाल, अभी जो एआई सक्षम सर्च इंजन उपलब्ध हैं, उनकी सेवाएं पाठ और छवि तक ही सीमित हैं, इसलिए बाजार में एक ऐसे सर्च इंजन की जरूरत है, जो व्यापक रूप से किसी भी खोज को ज्यादा बुद्धिमत्तापूर्ण ढंग से आसान बनाए। गूगल पर सर्च की अभी जो विविध सुविधाएं हैं, वैसा ही अगर ओपनएआई ने पेश किया, तो एक नई क्रांति आ जाएगी।

**-राकेश जैन गोदिका**

# परिदृश्य

## मायने रखता है प्रवास

कई भारतीय नागरिक अन्य देशों, खासकर खाड़ी और विकासशील देशों में जाते हैं। आंतरिक प्रवास यानी देश के भीतर लोगों का एक स्थान से दूसरे पर जाना और देश से दूसरे देशों में जाना अक्सर आजीविका के बेहतर अवसरों के लिए होता है। परंतु कई बार ऐसा हताशा में भी होता है। वर्ष 2020 में करीब 1.8 करोड़ भारतीय अपने जन्म के देश से बाहर रह रहे थे। सबसे अधिक प्रवासी भारतीय संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका और सऊदी अरब में रहते हैं। इंटरनैशनल ऑर्गेनाईजेशन फॉर माइग्रेशन की ताजा रिपोर्ट इस बात की पुष्टि करती है कि भारत से संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका और सऊदी अरब को होने वाला प्रवास दो देशों के बीच होने वाले प्रवास गलियारों में शीर्ष 10 में शामिल है। दिलचस्प है कि बांग्लादेश से भारत को होने वाला प्रवास भी इस सूची में शामिल है। भारत से बाहर जाने वाले लोगों की तादाद न केवल दुनिया में सबसे अधिक है बल्कि इसमें लैंगिक झुकाव भी नजर आता है। भारत से दूसरे देशों में जाने वाले प्रवासियों में पुरुषों की तादाद करीब 65 फीसदी है। इससे संकेत मिलता है कि पुरुष काम की तलाश में बाहर जाते हैं जबकि महिलाएं देश में ही रह जाती हैं। वृहद आर्थिक दृष्टि से देखें तो प्रवास विदेश से स्वदेश धन भेजने का बहुत बड़ा जरिया है। रिपोर्ट में यह रेखांकित किया गया है कि 2022 में भारत विदेश से धन पाने वाला सबसे बड़ा देश रहा। उसे 111 अरब डॉलर से अधिक राशि मिली। इस धनप्रेषण में भारत का दबदबा लगातार बढ़ रहा है और वह कई वर्षों से शीर्ष पर बना हुआ है। देश के चालू खाते का घाटा कम करने में भी इसकी अहम भूमिका रही है। 2023-24 की तीसरी तिमाही में यह सकल घरेलू उत्पाद के 1.2 फीसदी के स्तर पर था। चूंकि भारत ऊर्जा का बड़ा आयातक है इसलिए वाणिज्यिक घाटे का स्तर भी अधिक है। अतिरिक्त खर्च करने योग्य आय का जरिया होने के कारण यह धन प्रेषण घरेलू खपत व्यय में इजाफा करता है और घरेलू मांग को मजबूत करता है। बहरहाल, दूसरे देशों में रहने वाले भारतीयों द्वारा भेजे जाने वाले धन पर बहुत अधिक निर्भरता भी चिंता का विषय है। कई बार यह कहा जाता है कि इससे प्राप्तकर्ता देश में निर्भरता की प्रवृत्ति उत्पन्न हो सकती है। इससे उत्पादकता कम होगी और आर्थिक वृद्धि में धीमापन आएगा। इससे अर्थव्यवस्था की स्थिति संवेदनशील हो सकती है और कई कारणों से अगर धन प्रेषण अचानक प्रभावित होता है तो मुश्किल हालात बन सकते हैं। खुशकिस्मती से रिपोर्ट में दिए गए आंकड़े बताते हैं कि अन्य देशों की तुलना में भारत की निर्भरता सीमित है। ताजिकिस्तान इस सूची में शीर्ष पर है और 2022 में उसका धनप्रेषण-जीडीपी अनुपात 51 फीसदी रहा। इसके विपरीत उसी वर्ष भारत में यह केवल 3.3 फीसदी रहा। श्रम आधिक्य वाला देश होने के नाते भारत को प्रवासी आबादी से बहुत मदद मिलती है। इन प्रवासियों का बड़ा हिस्सा कम वेतन वाले कामों मसलन विनिर्माण, सुरक्षा, घरेलू काम और खुदरा क्षेत्र में काम करता है जबकि अन्य उच्च वेतन वाले कौशल संपन्न पेशों में हैं। भारत जैसे विकासशील और बड़े देश में कुछ लोगों का बेहतर अवसरों की तलाश में विकसित देशों में चले जाना सामान्य बात है। परंतु कम कौशल वाले लोगों का बाहर जाना यही बताता है कि देश में उत्पादक रोजगार अवसर तैयार करने की आवश्यकता है।

## विद्याश्रम स्कूल के वाणिज्य संकाय की छात्रा आदिश्री जैन ने प्राप्त की स्कूल में सेकंड पोजीशन



जयपुर. शाबाश इंडिया। जनकपुरी ज्योतिनगर निवासी भारतीय विद्या भवन विद्याश्रम स्कूल की कक्षा बारह की होनहार छात्रा आदिश्री जैन ने वाणिज्य संकाय में स्कूल में सेकंड पोजीशन प्राप्त की है। सीबीएसइ में 96% अंक प्राप्त कर आदि श्री ने यह गौरव प्राप्त किया है। इसके पहले भी आदिश्री जैन को ब्लेजर प्रदान कर स्कूल द्वारा सम्मानित किया गया था। परम मुनि भक्त समाज श्रेष्ठी पदम जैन बिलाला की सुपौत्री व सी ए पारस बिलाला की सुपुत्री आदिश्री ने इसका श्रेय नियमित पढ़ाई, गुरुजन व परिजनों से मिले आशीर्वाद को दिया।

## वर्षीतप साधिकाओं का श्री चंदनबाला महिला मडंल ने समारोह मे किया सम्मान



**सुनिल चपलोत. शाबाश इंडिया**

भीलवाड़ा। वर्षीतप साधिकाओं का श्री चंदनबाला महिला मडंल ने किया सम्मान। सोमवार को अंहिसा भवन शास्त्रीनगर में मंडल की संरक्षिका मंजु पोखरना अध्यक्षा नीता बाबेल मंत्री रजनी सिघंवी ने तपस्वी सुनीता झामड़,लाड़ मेहता का आयोजित सम्मान समारोह मे अभिनंदन पत्र और सोल माला ओढ़ाकर तपस्वी बहनों का आयोजित सम्मान समारोह में अभिनन्दन किया गया। इस दौरान चंदनबाला महिला मंडल की अध्यक्षा नीता बाबेल कहा कि जीवन को सुंदर और आत्मा को पवित्र बनाने की साधना है वर्षीतप जो व्यक्ति करता है और करने वाले तपस्वी की जो अनूमोदना करता वह भी अपने अशुभ कर्म क्षय कर लेता है। इसदौरन मंडल की उमा आँचलिया,वनीता बाबेल, अनु बापना,लाड़ पीपाड़ा,मंजु बापना, कांता छाजेड़, कोमल सालेचा, निशा बापना,रश्मि लोढ़ा,सरोज मेहता आदि पदाधिकारियों की उपस्थिति रही और उन्होंने सामूहिक रुप से वर्षीतप करने वालो की अनूमोदना की तथा इसके अलावा सुशीला छाजेड, स्मिता पीपाडा,वंदना लोढ़ा, आशा संचेती, स्नेहलता बोहरा, कैलाश चौधरी, कमलेश चोपड़ा ,रिंकु रांका, मधु सांड, स्वाति सांड, लता कोठारी, प्रतिमा बंब, प्रियंका बापना आदि की कार्यक्रम में उपस्थिति रही।

# जैन मुनि ब्रह्मानंद सागर शिक्षण एवं संस्कार शिविर संपन्न




**सौरभ जैन. शाबाश इंडिया**

पिड़ावा। सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वाधान व पूण्यारजक परिवार पूर्व चेयरमैन राजेंद्र जैन, प्रमोद जैन, बण्टी जैन परिवार की ओर से नौ दिवसीय ब्रह्मानंद सागर शिक्षण एवं संस्कार शिविर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन जूना मंदिर नवीन जिनालय में सोमवार को आनंद और उत्साह, लगन, रूचि के साथ संपन्न हुआ। जैन समाज प्रवक्ता मुकेश जैन चेलावत ने बताया कि 5 मई से 13 मई तक बाल ब्रह्मचारी संजय भैया पठारी के कुशल नेतृत्व में 1 वर्ष बाद शिविर का आयोजन किया गया। इस शिक्षण एवं संस्कार शिविर में आत्म कल्याणर्थ, ज्ञानार्जक एवं पुण्य वर्धक शिविर में 350 बच्चे व 400 श्राविकाओं व 100 श्रावक ने शिक्षण प्राप्त किया व सोमवार को परीक्षा दी गई। जिसमें आत्म कल्याण में सहयोगी जिनेंद्र भगवान की वाणी का रसास्वादन कराने हेतु ब्रम्हानंद सागर शिक्षण एवं संस्कार शिविर के अंतर्गत गागर में सागर के समान अथाह ज्ञान को समाये सरल प्राकृत प्रवेश, दोपहर में इष्टोपदेश,व रात्रि में परमात्मा गितिका का अध्ययन बहुत ही सरल रूप से बाल ब्रह्मचारी संजय भैया पठारी द्वारा कराया गया। शिविर में छोटे भैया बहनों को जिनागम प्रवेश का ज्ञान राजकुमार जैन, कुलदीप जैन, पीयुष जैन, सचिन जैन, चेतन जैन, रानी जैन, राजूल जैन, निहारिका जैन, अनुभूति जैन, प्रीति जैन, प्रांजल जैन, माधुरी जैन, सोनु जैन द्वारा 9 दिन तक सुबह शाम अध्ययन करवाया गया और अंत में उनकी परीक्षा ली गई। दोपहर में संगीत मय पार्श्वनाथ मंडल विधान का आयोजन किया गया। वही दिनेश जैन सेक्रेटरी परिवार की और से मूल नायक पार्श्वनाथ भगवान के पीछे भामण्डल चढ़ाया गया। रात्रि में शिविर के समापन के अवसर पर सकल जैन समाज ने संजय भैया पठारी से निवेदन किया जिस प्रकार आपने कठिन परिश्रम से यह ऐतिहासिक आध्यात्मिक व धार्मिक शिक्षण शिविर लगाकर पिड़ावा के भव्य जीवों का उद्धार किया है। इस प्रकार प्रतिवर्ष शिक्षण शिविर लगाकर हम भव्य जीवो का मोक्ष मार्ग प्रशस्त करें। अन्त में जुना मन्दिर अध्यक्ष प्रमोद जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# सूरत में राजस्थान भवन के निर्माण हेतु राजस्थान सरकार से मांग की

**शाबाश इंडिया।** महावीर इंटरनेशनल के रिजन-8 के अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व समाजसेवी श्री गणपत भन्साली ने राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिख कर सूरत महानगर में राजस्थान भवन के निर्माण की मांग की है। भन्साली ने अपने पत्र में है कि दक्षिण गुजरात के औद्योगिक शहर सूरत जिसकी सिल्कसिटी एंव डायमण्ड सिटी के रूप में सम्पूर्ण विश्व में विशिष्ट ख्याति हैं. इस शहर में राजस्थानियों की संख्या बहुत ही बड़े पैमाने में हैं। सूरत के आर्ट सिल्क एंव डायमण्ड उधोग-व्यापार से लाखों-लाखों राजस्थानी जुड़े हुए हैं. और अपना रोजगार जुटा रहे हैं। गौरतलब हैं कि जयपुर के डायमण्ड उद्यमियों का इस शहर से गहरा नाता भी हैं। तथा कृषि आधारित कार्य हेतु राजस्थानियों का सूरत सहित दक्षिण गुजरात में हमेशा आवागमन बना रहता हैं, व कलर-केमिकल,प्लास्टिक, टेक्सटाइल्स मशीनरी,आर्ट सिल्क ग्रे कपड़ा आदि की खरीदी-बिक्री हेतु राजस्थान के जयपुर, सांगानेर जोधपुर, पाली, बालोतरा,जसोल, भीलवाड़ा आदि शहरों के व्यापारियों-उद्योगपतियों को सूरत दौर करना पड़ता हैं। इसी तरह राजस्थान के मकराना, राजसमन्द,देवगढ़ आदि का मार्बल व जालोर से ग्रेनाइट व जोधपुर से पत्थर व्यापारियों का सूरत सहित दक्षिण गुजरात से व्यवसाहिक नाता हैं। राजस्थान का कोई ऐसा जिला नही जहां के निवासी सूरत में नही हो। राजस्थान के हजारों-हजारों नागरिकों का प्रतिदिन कपड़ा खरीदी एंव डायमण्ड की खरीद फरोख्त हेतु सूरत आवागमन रहता हैं. तथा प्रति दिन सेकड़ों राजस्थानी युवा अपनी आजीविका हेतु सूरत आते हैं। यही नही जब जब भी राजस्थान में विधानसभा व लोकसभा यहां तक गांवों में पंचायतों व शहरों में नगरपालिकाओं के चुनाव होते है तब-तब गांवों-कस्बों व शहरों से चुनावी केम्पेन करने हेतु उम्मीदवार सूरत पहुंचते ही व कई-कई दिनों तक उनका सूरत में पड़ाव रहता है।

# दुर्गापुरा जैन मंदिर में निर्वाण लाडू चढ़ाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर दुर्गापुरा जयपुर में भगवान अभिनन्दन जी के गर्भ व मोक्ष कल्याणक महोत्सव के पावन दिवस के पर श्रद्धालुओं ने निर्वाण लाडू चढ़ाया गया।

# श्रीराम दरबार एवं श्री राधा कृष्ण सरकार के लगा छप्पन भोग एवं बही भक्ति की धारा

## ठाकुरजी का महाभिषेक एवं पाटोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य दीपोत्सव



**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**

भीलवाड़ा। भीलवाड़ा शहर में छोटी हरणी हनुमान टेकरी स्थित काठिया बाबा आश्रम में श्रीराम दरबार एवं श्री राधा कृष्ण सरकार के प्राण प्रतिष्ठा के द्वितीय पाटोत्सव का समापन रविवार रात भक्ति संध्या से हुआ। श्री हनुमानजी महाराज की असीम अनुकंपा आश्रम के महन्त बनवारीशरण काठियाबाबा के सानिध्य में दो दिवसीय आयोजन पाटोत्सव के तहत प्रभु भक्ति से ओतप्रोत विभिन्न कार्यक्रम हुए। पहले दिन शनिवार को सुबह 7 बजे से शुरू 24 घंटे के अखण्ड रामायण पाठ की पूर्णाहुति रविवार सुबह हुई। शहर के विभिन्न क्षेत्रों से भक्तगण रामायण पाठ करने के लिए पहुंचे थे। सुबह 8.15 बजे जयकारों की गूंज के बीच ठाकुरजी का महाभिषेक किया गया। शाम 5 बजे पाटोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य दीपोत्सव मनाया गया एवं आश्रम परिसर में सैकड़ो दीप प्रज्वलित किए गए। मन्दिर परिसर में भव्य सजावट भी की गई थी। शाम 7.15 बजे विधि विधान के साथ भगवान के दरबार में छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। शाम 8.15 बजे महाकाल की तर्ज पर मंदिर परिसर में महाआरती का आयोजन किया गया। इस दौरान भीलवाड़ा शहर के विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों भक्तगण मौजूद थे। पाटोत्सव दिवस पर शाम 7.15 बजे से आश्रम परिसर में भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से प्रभु भक्ति से ओतप्रोत विभिन्न भजनों की प्रस्तुति देकर भक्ति रस की धारा प्रवाहित की गई। पाटोत्सव के अवसर पर शाम को भक्तों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजन को सफल बनाने में काठियाबाबा आश्रम से जुड़े सैकड़ो भक्तों ने अहम भूमिका निभाई।

# भगवान अभिनंदननाथ जी का मनाया गर्भ व मोक्ष कल्याणक : गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** प. पू. भारत गौरव श्रमणी गणिनी आर्यिका रत्न 105 गुरु मां विज्ञाश्री माताजी ससंघ 3 पिच्छी वर्धमान सरोवर जयपुर में विराजमान है ।पूज्य माताजी के ससंघ सान्निध्य में धर्म की महती प्रभावना हो रही है ।माताजी ससंघ के सान्निध्य में भगवान अभिनन्दननाथ जी का गर्भ व मोक्ष कल्याणक मनाया गया ।समाज ने मिलकर मोक्ष कल्याणक के अवसर पर माताजी के सान्निध्य में निर्वाण लड्डू चढ़ाकर भगवान अभिनन्दननाथ जी की भक्ति की। पूज्य माताजी ने मंगल उद्बोधन देते हुए कहा कि - प्रभु भक्ति का रास्ता बड़ा सीधा है और बडा उलझा भी। बुद्धि से चलो तो बहुत उलझा है और भक्ति से चलो तो बहुत सीधा है ।विचार से चलो तो बहुत दूर है और भाव से चलो तो बहुत पास है। नजरों से देखो तो कण - कण में है और अंतर्मन से देखो तो जन - जन में है। ''भक्ति'' हाथ पैरों से नहीं होती है, वर्ना दिव्यांग कभी नहीं कर पाते। 'भक्ति' न ही आँखों से होती है, वर्ना सूरदास जी कभी नहीं कर पाते। न ही भक्ति बोलने सुनने से होती है, वर्ना 'गूँगे-बहरे' कभी नहीं कर पाते। नही 'भक्ति' धन और ताकत से होती है, वर्ना गरीब और कमजोर कभी नहीं कर पाते। 'भक्ति' केवल भाव से होती है, यह एक अहसास है, जो हृदय से होकर विचारों में आता है।

# चोथे तीर्थंकर अभिनंदन नाथ भगवान का मनाया गर्भ एवं मोक्ष कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक



**फागी. शाबाश इंडिया।** कस्बे सहित परिक्षेत्र के चकवाडा, चौरू, नारेडा, मंडावरी, मेहंदवास, निमेडा, लसाडिया एवं लदाना सहित कस्बे के आदिनाथ मंदिर, बीचला मंदिर,मुनि सुव्रतनाथ दिगम्बर जैन मंदिर ,पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर सहित सभी जिनालयों में जैन धर्म के चोथे तीर्थंकर अभिनंदन नाथ भगवान का गर्भ एवं कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने शिरकत करते हुए कहा कि कस्बे के पार्श्वनाथ चैत्यालय में आज प्रातः श्रावकों द्वारा श्री जी का अभिषेक, शांतिधारा, अष्टद्रव्यों से पूजा-अर्चना कर सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई। कार्यक्रम में समाज सेवी रमेश चंद, सुरेश कुमार, महेश कुमार, सुनील कुमार, सतीश, मनीष, नवल गर्ग जैन बावड़ी वाले परिवार जनों की तरफ से श्रीजी की महा शांति धारा की गई तथा जैन धर्म के चौथे तीर्थंकर भगवान अभिनंदन नाथ का जयकारों के साथ सामूहिक रूप से गर्भ कल्याणक का अर्घ्य अर्पित कर मोक्ष कल्याणक का लाडू चढ़ाया गया,उक्त कार्यक्रम में समाज के वयोवृद्ध कपूरचंद मांदी वाले, सोहनलाल झंडा,महावीर जैन लदाना, महावीर मांदी, सुरेश मांदी, सुरेश डेठानी, धर्मचंद पीपलू, हेमराज कलवाड़ा,पारस नला, मोहनलाल सिंघल,महेंद्र कुमार बावड़ी, रमेशबावड़ी , टीकम गिंदोडी, अनिल कुमार कठमाना, पारस मोदी ,विनोद मोदी,दीपक मोदी, त्रिलोक पीपलू, कमलेश चोधरी तथा राजाबाबू गोधा सहित सभी श्रावक श्राविकाएं मोजूद थे।

# 'मदर्स डे' पर 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी' का दिया संदेश

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



महावीर पब्लिक स्कूल में दिनांक 11मई, शनिवार को प्राइमरी तथा प्री-प्राइमरी कक्षाओं के विद्यार्थियों की माताओं के सम्मान में ''मदर्स डे'' मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ नन्हे-नन्हे बच्चों द्वारा वाद्ययंत्र बजाकर तथा णमोकार मंत्र गाकर किया गया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सीमा जैन ने कार्यक्रम में उपस्थित मातृशक्ति का सहृदय अभिवादन किया। छोटे-छोटे बच्चों ने कविता, नृत्य, गायन आदि के माध्यम से अपनी मां के प्रति प्रेम प्रदर्शित करके कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम में दो दशकों से अनुभव प्राप्त सीएसटी, हीलर, मर्मचिकित्सक एवं वरिष्ठ आर्ट ऑफ लिविंग टीचर सुश्री अपर्णा शर्मा ने ''अपने बच्चे को जानें'' विषय पर वर्तमान समय में बच्चों के उत्तम पालन-पोषण के गुर बताए। रैंप वॉक प्रतियोगिता में करीब 100 से अधिक माताओं ने अपने बच्चे के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह प्रतियोगिता बहुत मनोरंजक रही। टॉप 3 विजेत्री माताओं को पुरस्कार दिया गया। विद्यालय के कोषाध्यक्ष महेश काला ने प्राचार्या, सभी अध्यापकों एवं माताओं की कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सराहना की। विद्यालय के अध्यक्ष उमराव मल संघी, मानद् मंत्री सुनील बक्शी, कोषाध्यक्ष महेश काला, संयोजक सुदीप ठोलिया, कार्यकारिणी सदस्यों तथा प्राचार्या ने सभागार में उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया। प्री-प्राइमरी कक्षाओं की समन्वयिका श्रीमती निकिता कुम्भट ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# तीर्थंकर भगवान अभिनंदन नाथ जी के गर्भ और मोक्ष कल्याणक पर निर्वाण लाडू चढ़ाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर हीरा पथ मानसरोवर जयपुर में तीर्थंकर भगवान अभिनंदन नाथ जी के गर्भ और मोक्ष कल्याणक के मांगलिक अवसर पर बड़े ही भक्ति भाव से निर्वाण लड्डू चढाने का पुण्य श्रीमती शकुंतला देवी, शांति, देवेन्द्र, निखिल, तुषार छाबड़ा परिवार को प्राप्त हुआ। ट्रस्टी देवेन्द्र छाबड़ा ने बताया कि इस अवसर पर ब्रह्मचारी दीपक राज जी, पवन शांति, राजेन्द्र , कल्याण मल पंकज, प्रकाश ,महावीर , सीमा और समाज के श्रेष्ठि गण मौजूद रहे।

# ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन

## 100 से ज्यादा बच्चों को किया ताइक्वांडो कलर बेल्ट से सम्मानित



**कोटा. शाबाश इंडिया।** डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि कोटा के विभिन्न स्कूलों के 100 से ज्यादा बच्चों ने कलर बेल्ट टेस्ट में पार्टिसिपेट किया। ताइक्वांडो में ब्लैक बेल्ट व कलर बेल्ट टेस्ट का आयोजन श्रीनाथ पुरम स्टेडियम में किया गया। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने अपना शानदार प्रदर्शन दिखाते हुए टाइल ब्रेकिंग, किक्स, पंच फाइट का डेमो करके बेल्ट टेस्ट पास किया जिसमें सक्षम चौहान, शिवांगी अग्निहोत्री दिव्यांश बेनीवाल, दैविक सिंघल, हर्षिता राठौर, हिना साहू, खुशी पालीवाल ने ब्लैक बेल्ट किया। मान्याय राठौर, भूमिका चित्तौडा, आन्या काबरा गौतम, वेरोनिका सिंह, निखिलेश रेड्डी,तृशा मीणा, प्रिंस, मेहूल, वानी कौर, ऐश्वर्य शर्मा, मिलेश भट्ट, वेदिका धाकर, सोहम गहलोत,राधे चांदना, नमित मालव, प्रणीत मालव, गर्वित सोनी, विधान गुंजल, याशिका मतवानी, गरिमा शर्मा ने रेड 1 बेल्ट किया। क्रियांश खेलवाल,भव्या खेलवाल,अलीशा कुमावत,देवांशी गहलोत, खुशी सोलंकी ,निहारिका दीक्षित ,डी कृष्णा , अनुष्का पंचोली ,गौरव सोनी, अनुराग जांगीड़,आईनी शर्मा, युवान मीना, भूपेंद्र सिंह सोलंकी ,दिव्यांशी मीना, क्षितिज मीना ,ऋषिका सागर ,उन्नत शर्मा ,हिमांगी खत्री ,मायरा, हिमांशी ने ग्रीन 1 बेल्ट किया। कुश चित्तौडा, अभ्युत शुक्ला, व्योम, कुँ निधि,अनाया, वेधांश, अनमोल, जनवी, एंजेल, रियांशी, कौस्तुभ, दिव्यांक, सुहान, युवांश, मोहम्मद शाहान, दक्ष ने येलो बेल्ट किया।

# अभिनंदननाथ भगवान का गर्भ एवं मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया गया

**प्रकाश पाटनी. शाबाश इंडिया**



भीलवाड़ा। बापू नगर स्थित श्री पदम प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में श्री अभिनंदननाथ भगवान का गर्भ एवं मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया गया। प्रातः जिनेंद्र देव का अभिषेक कर चांदमल जैन ने शांतिनाथ भगवान एवं पूनम चंद सेठी ने पार्श्वनाथ भगवान पर शांतिधारा की। इस उपरांत निर्वाण कांड का पाठ कर सामूहिक रूप से अभिनंदननाथ भगवान का मोक्ष निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। श्रावक-श्राविकाओ ने श्री अभिनंदननाथ भगवान की पूजा-अर्चना कर अर्घ समर्पण किये। इस अवसर पर कई धमार्लुगण उपस्थित थे।



# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप डायमंड का योगाभ्यास और परिन्डा वितरण कार्यक्रम



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप डायमंड द्वारा सदस्यों को अपनी फिटनस के प्रति जागरूक करने एक योगाभ्यास शिविर का आयोजन मानसरोवर स्थित प्रसिद्ध सिटी पार्क में किया गया।योगशक्ति ग्रुप की सुरुचि जैन व नविता जैन ने ग्रुप के लगभग 60 सदस्यों को विभिन्न बीमारियों को दूर करने और बचे रहने के लिए विभिन्न प्रकार के योगासनों का अभ्यास कराया। ग्रुप अध्यक्ष राजेंद्र-हर्षा सेठी द्वारा भी सदस्यों को योग से संबंधित काफी उपयोगी टिप्स दिये गये। इसके पश्चात रोटरी क्लब जयपुर सिटीजन के पूर्व अध्यक्ष रविंद्र नाथ जी गुप्ता व पूर्व सचिव हैपीनैस थिंकर ब्रह्म प्रकाशजी मूँदडा, राजस्थान आवासन मंडल के आवासीय अभियंता आर के जैन व गिरिराज प्रसाद मीना और सहायक अभियंता गौरव जैन की उपस्थिति में सभी जीवों के प्रति अपना कर्तव्य निभाते हुए परिण्डे और चुग्गा पात्र लगाये गये तथा सदस्यों को भी वितरित किए गये। अतिथियों के स्वागत की महती ज़िम्मेदारी संस्थापक अध्यक्ष यश कमल-संगीता अजमेरा तथा कोषाध्यक्ष सुरेश-आभा गंगवाल द्वारा निभाई गई। कार्यक्रम के अंत में ग्रुप सचिव अतुल-सुधा छाबड़ा द्वारा कार्यक्रम संयोजक भारत भूषण-शालिनी अजमेरा व संजय-आकृति वैद तथा पधारे हुए अतिथियों और सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया व आभार प्रकट किया गया ।

# उपाध्याय 108 श्री ऊर्जयंत सागर जी मुनिराज के चरणों में श्री फल भेंट किया

## हम सबकी यही अभिलाषा-प्रताप नगर, जयपुर में हो चौमासा



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** सकल दिगंबर जैन समाज प्रताप नगर जयपुर द्वारा वात्सल्यरत्नाकर आचार्य 108 श्री विमल सागर जी महाराज के अंतिम दीक्षित शिष्य पुज्य उपाध्याय 108 श्री ऊर्जयंत सागर जी मुनिराज के श्री चरणों में वषायोग 2024 हेतु श्री महावीर जी में श्रीफल भेंट किया गया।

# कलाकारों ने अर्पण की स्व. सरस बृजवासी को श्रद्धा सुमन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** भरतपुर मंडल द्वारा आज जवाहर कला केंद्र के कृष्णायन सभागार में स्वर्गीय राधावल्लभ सरस बृजवासी की स्मृति में सांस्कृतिक आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कविता सक्सेना के निर्देशन में गणेश वंदना से की गई। उसके बाद जयपुर का शुद्ध कत्थक जिसमें आमद परण जोड़ तत्कार श्री कलाकारों ने लोगों को मंत्र मुग्ध किया। कलाकार स्वर्गीय राधावल्लभ सरस बृजवासी ब्रज संस्कृति के सिद्ध हस्त कलाकार थे। ब्रज संस्कृति को आगे बढ़ाने में उनका का योगदान रहा है। जयपुर में गोविंद देव जी मंदिर में उनकी प्रस्तुति और प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले ब्रजहोरी कार्यक्रम में उनके द्वारा प्रस्तुत कृष्ण राधा की फूलों की होली लोग आज भी याद करते हैं। मधुर वाणी कार्य कलाकार जिनकी गायकी में ठहराव और शुद्ध गायकी थी लोगों को अपने कार्यक्रम से आकर्षित करने की क्षमता थी जब वह कार्यक्रम करते थे तो हमेशा राधे-राधे से कार्यक्रम की शुरूआत करते थे और लोगों को उसे जोड़ते थे। कार्यक्रम में पं. आलोक भट्ट ने आओ मनमोहना गा कर लोगों को आनंदित किया। इसके बाद माधव सक्सेना सिमरन करले मेरे मना मधुमती में पेश किया । कार्यक्रम में कलाकार मत मारो पिचकारी सॉन्ग आस्था सक्सेना श्रीवास्तव ने मत मारो पिचकारी होली सुनाई। इसके बाद गौरव जैन प्रीति सक्सेना ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को आनंदित किया। कार्यक्रम के अंत में राधा कृष्ण की ब्रजहोरी की प्रस्तुति से कार्यक्रम का समापन किया गया । कार्यक्रम का संचालन राजेश आचार्य ने किया।कार्यक्रम में तबले पर शफात हुसैन सिंह एवं आदित्य राठौड़, की बॉर्डर पर हबीब खान, गिटार पर आशुतोश सक्सेना, हारमोनियम पर राजेंद्र मेघवाल, ढोलक पर पवन डांगी, ऑक्टोपैड पर भवानी डांगी ने शानदार संगतकार कार्यक्रम को परवान चढ़ाया।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक–ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई–मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# सरना ने शंकराचार्य के साथ बद्री विशाल में किया पूजन

**बद्री विशाल, हिमालय. शाबाश इंडिया।** उत्तराखंड प्रदेश की चार धाम यात्रा के दूसरे धाम बद्री विशाल के कपाट रविवार को विधिवत्त पूजा अर्चना के बाद सुबह 6 बजे हजारों श्रदालुओं की उपस्थिति में खोले गए। मुख्य रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी सबसे पहले गर्भ ग्रह में गए,वहां उन्हें भगवान की मूर्ति पर पिछले साल लगाया गया घी और कंबल ठीक उसी अवस्था में मिला जैसा कपाट बंद करते वक्त था. यह देखने के बाद परंपरा अनुसार भविष्यवाणी की गई कि इस साल देश में कहीं भी सूखा नहीं पड़ेगा और खुशहाली रहेगी। कपाट खोलने की प्रक्रिया जोशीमठ के शंकराचार्य के उपस्थिति में होती है। पूर्व शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज के ब्रह्मलीन होने के उपरांत बनाए गए नये शंकराचार्य स्वामी प्रज्ञानंद सरस्वती की



मौजूदगी में इस बार पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात कपाट खोले गए। कपाट खोलने की इस पूजा के दौरान पूजा मंडप में जयपुर राजस्थान से अखिल भारतीय नारायणी धाम के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सरना भी शंकराचार्य स्वामी प्रज्ञानंद सरस्वती जी के साथ उपस्थित रहे और पूजा में शामिल हुए जो राजस्थान के लिए गौरव की बात है। कपाट खोलने के पश्चात ज्योतिषपीठ व द्वारिका शारदा पीठ के पीठाधिश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी प्रज्ञानानंद सरस्वती महाराज ने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए शंकराचार्य स्वामी प्रज्ञानंद सरस्वती ने बताया कि उनके पूर्व के शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाराज के ब्रह्मलीन होने के उपरांत दोनों पीठों के आचार्य को लेकर जो हुआ था वह धर्म के अनुकूल नहीं हुआ। आज सनातन धर्म की रक्षा के लिए धर्म के अनुरूप धर्म की व्यवस्था का सुव्यवस्थित संचालन किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य का पद धर्म की रक्षा का पद है संपत्ति का नहीं। शंकराचार्य जी ने कहा कि देश के मूर्धन्य विद्वानों,काशी दांडी सभा और संत समाज ने उन्हें धर्म की रक्षा के लिए ही दोनों पीठों का आचार्य पद ग्रहण करने का आग्रह किया है।

## नव्या बाकीवाला ने सेकंडरी बोर्ड में 97 प्रतिशत मार्क्स प्राप्त किये



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

बापू नगर निवासी पवन सुधा बज की नवासी सुश्री नव्या बाकीवाला सुपुत्री स्वेता - अभिनव बाकीवाला ने सेकंडरी बोर्ड में 97प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार जन व अपने विद्यालय जय श्री पेडीवाल स्कूल का नाम रोशन किया।

## आर्यिका श्री सृष्टिभूषण माताजी का 31वां चातुर्मास टीकमगढ़ में होगा

**मनोज जैन नायक. शाबाश इंडिया**




टीकमगढ़। गणिनी आर्यिका सृष्टि भूषण माताजी का 31वा चातुर्मास श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन चौबीसी मंदिर टीकमगढ़ में होगा। आचार्य श्री शांति सागर जी छाणी परंपरा में आचार्य श्री सुमति सागर जी एवम सिंहरथ प्रवर्तक आचार्य श्री विद्याभूषण सन्मति सागर जी महाराज से दीक्षित गणनी आर्यिका 105 श्री सृष्टि भूषण माताजी एवम आर्यिका श्री विश्वयश मति माताजी का 31 वा वषायोग टीकमगढ़ के उप नगर वैद्य कालोनी के 1008 श्री पार्श्वनाथ दिगंबर चौबीसी जैन मंदिर में कराने हेतु प्रबंधकारिणी के निर्देशक अनिल भदौरा,संरक्षक वीरेंद्र, अध्यक्ष राजेंद्र मस्तापुर, रूपचंद,पवन वैद्य,सचिन, अजित ,विवेक, शीलचंद,विनोद जैन आदि अनेक भक्तो ने आर्यिका संघ को श्रीफल भेंट किया। गौरतलब है कि आर्यिका श्री सृष्टि भूषण माताजी का जन्म मध्यप्रदेश के मुंगावली नगर में सन 1964 में एवम आर्यिका दीक्षा सिद्ध क्षेत्र सोनागिर में सन 1994 में हुई।इसके पूर्व आर्यिका माताजी ने 30 चातुर्मास देश के अनेक राज्यों में किए हैं विभिन्न नगरों की समाज द्वारा चातुर्मास हेतु विगत माह से निवेदन किया जा रहा है टीकमगढ़ समाज की भक्ति देखकर आज 12 मई को टीकमगढ़ के वैद्य कालोनी के श्री पार्श्व नाथ दिगंबर चौबीसी मंदिर में करने की स्वीकृति प्रदान करने से समाज में हर्ष व्याप्त हैं।

## नंदिता जैन ने 10वीं कक्षा में 98 .4 प्रतिशत मार्क्स प्राप्त कर दिगंबर जैन समाज का नाम किया रोशन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन महा समिति की सदस्य श्रीमती मोना निदेश टिक्कीवाल की सुपुत्री नंदिता जैन ने 10वीं कक्षा में 98.4 प्रतिशत मार्क्स प्राप्त कर के एमजीडी गर्ल्स स्कूल जयपुर की टॉपर बनकर न केवल महासमिति का बल्कि पूरे जैन समाज का नाम रोशन किया है। उर्मिला जैन ने बताया कि पूरा जैन समाज बहुत-बहुत गौरवान्वित है नंदिता जैन और पूरे परिवार को हार्दिक बधाइयां एवं शुभकामनाएं।

## अवधपुरी में वात्सल्य सेवा समिति की महिलाओं ने किया मिट्टी के पात्र का वितरण




**आगरा. शाबाश इंडिया।** वात्सल्य सेवा समिति अवधपुरी के तत्वावधान में भीषण गर्मी के चलते हुए पक्षियों को पानी के अभाव से बचाने हेतु मिट्टी के पात्र वितरण का कार्यक्रम वात्सल्य सेवा समिति की अध्यक्ष रश्मि जैन के आवास 149बी अवधपुरी कॉलोनी पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण से हुआ। समिति की सभी सदस्यों ने पात्र में प्रतिदिन स्वच्छ जल भरने का संकल्प लिया। प्राणी मात्र की रक्षा करना हम सभी का धर्म है। इस अवसर पर अध्यक्ष रश्मि जैन,करुणा जैन,रागिनी जैन,सुनीता जैन,उपासना जैन,रचना जैन,निशा जैन,बबिता जैन, विनीता जैन,मानवी जैन,पुष्पा जैन, रिंकी जैन,रतिभा जैन,रीता जैन,रेनू जैन,अनीता शर्मा,निक्की वर्मा,आदि सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# समीक्षा: जैनधर्म और समाज



लेखक- डॉ. अनिलकुमार जैन प्रकाशक एवं प्राप्ति-स्थान- इन्फिनिटी एजुकेशन्स, ए-30, अनीता कॉलोनी, बजाजनगर एन्क्लेव, टोंक रोड़, जयपुर-302015 (राजस्थान), Email: infinityeducation.hs@gmail.com, website : www.infinityeducations.com, मोबाइल 8955868600, 9650992378, ISBN : 97-893- 935-675-67, पृष्ठ - 258 + 10 कुल 268, मूल्य- 300 रुपये।डॉ. अनिल कुमार जैन भौतिक विज्ञान के साथ धार्मिक एवं आध्यात्मिक चिन्तक भी हैं। प्रस्तुत पुस्तक 'जैनधर्म और समाज' में विभिन्न पत्रिकाओं में प्रकाशित उनके 48 चयनित लेखों का संकलन है। पुस्तक में लेखक ने जैनधर्म और उसकी प्रचलित मान्यताओं के सम्बन्ध में अपने तर्क संगत विचार प्रस्तुत किये हैं, जो चिन्तन के लिए प्रेरक हैं। लेखक ने अनेक प्रचलित मान्यताओं और परम्पराओं के सम्बन्ध में निर्भीकता के साथ अपने विचारों को स्पष्ट रूप से व्यक्त किया है, जो प्रशंसनीय है। पुस्तक में वर्णित सभी लेख पठनीय और विचारणीय हैं। लेखक के जैनसाहित्य : तकादे और चुनौतियाँ, पूजा पाठ : लकीर से हटकर, णमो लोए सव्वसाहूणं की व्याख्या, विवाह, नारी, दीक्षा, शिथिलाचार, मयूरपिच्छी और जैन समाज की वर्तमान स्थिति आदि लेख प्रभावक एवं विचारोत्तेजक हैं।लेखक का चिन्तन है कि विगत 50-55 वर्षों में जैन समाज में अनेक विसंगतियाँ प्रवेश कर गई हैं, जो जैनधर्म की मूल भावना के प्रतिकूल हैं। वास्तविक जैनधर्म हाशिये पर आ गया है और क्रियाकाण्ड बहुत अधिक हावी हो गया है। अतः जैन युवाओं का धर्म के प्रति आकर्षण घट गया है। प्रस्तुत पुस्तक में लेखक ने अनेक ज्वलन समस्याओं को उठाकर उनके समाधान भी प्रस्तुत किये हैं। सभी लेख पठनीय हैं और एक नई दिशा प्रदान कर वाले हैं। पुस्तक सभी जैन धर्माचार्यों, विचारकों एवं विद्वानों के द्वारा पठनीय एवं चिन्तनीय है। **समीक्षक - श्री गौत्तमचन्द जैन, जयपुर**




## लंदन के हाऊस ऑफ लॉर्ड्स मे सम्मानित हुए मौहम्मद वकील




**लॉर्ड्स. शाबाश इंडिया**

संगीत की दुनिया के जानेमाने कलाकार अनेक पुरस्कारों से सम्मानित मौहम्मद वकील को वर्ल्ड ह्यूमनटरियन ऑर्गनाइजेशन ने लंदन के प्रतिष्ठित हाऊस ऑफ लॉर्ड्स मे आयोजित कार्यक्रम एजुकेशन ऐण्ड बिजनेस संमित 2024 मे मोहम्मद वकील को म्यूजिक के क्षेत्र मे किये गये वकील के योगदान के लिए सम्मानित किया गया ।मौहम्मद वकील पिछ्ले 25 वर्षो से भारत के संगीत प्रतिनिधि के रुप मे अनेक देशो मे सम्मानित हो चुके हे, इंडियन एम्बेसी द्वारा अनके देशो मे वकील के गजलो के कार्यक्रम होते हे। अकेडमी अवार्ड, दादा साहिब फाल्के पुरस्कार, सा रे गा मा मेघा फाइनल विनर, बॉलीवुड, टीवी शोज अनके अलबम मे मौहम्मद वकील ने अपनी कला से नाम रोशन किया है। मौहम्मद वकील कहते हे की जब भारत से दूसरें देशो मे गाने का मोका मिलता हे व सम्मान मिलता हे तो बहुत गर्व होता हे की भारत का संगीत ओर कल्चरल को लोग प्यार दे रहे हे ।



# गुरुदेव श्री श्री रविशंकर का जन्मोत्सव कार्यक्रम मनाया गया





## रक्तदान शिविर में 100यूनिट रक्त एकत्र किया

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** 13 मई 2024 को गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में श्री श्री रविशंकर आश्रम, प्रताप नगर, जयपुर में आर्ट ऑफ लिविंग राजस्थान परिवार द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम श्रंखला के अनुसार सांय 5 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन एसएमएस हॉस्पिटल, जयपुर एवं स्वास्थ्य कल्याण ब्लड सेंटर,टोंक रोड के द्वारा किया गया जिसमे 100 से ज्यादा लोगों ने रक्तदान किया ।साथ ही आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान द्वारा 20 नेत्रदान रजिस्ट्रेशन हुए ।साथ ही 6 बजे से सभी के बेहतर स्वास्थ्य हेतु आयुष होमा का अयोजन स्वामी सहजानंद जी के सान्निध्य में किया गया। तत्पश्चात सांय 7 बजे से आर्ट ऑफ लिविंग के प्रसिद्ध सत्संग संध्या में 1500 लोगों ने भजनों का आनंद उठाया और उसके बाद भोजन प्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया ।आर्ट ऑफ लिविंग की स्टेट टीचर कोऑर्डिनेटर अपर्णा शर्मा जी ने बताया कि इस उपलक्ष्य में जयपुर के सभी आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर्स पर 7 से 12 मई तक विशेष हैप्पीनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।प्रताप नगर आश्रम में प्रसिद्ध एडवांस मेडिटेशन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# जैन पैदल यात्रा संघ की ओर से निकाली पदयात्रा

## पदयात्रा में 70 महिला-पुरुष श्रद्धालु हुए शामिल, चंद्रप्रभु दिगंबर जैन पल्लीवाल मंदिर, शक्तिनगर से रवाना हो पदयात्री पहुंचे श्री महावीर मुनि सुव्रतनाथ जिनालय, वैशाली नगर



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन पैदल यात्रा संघ, जयपुर की ओर से रविवार को श्री महावीर मुनि सुव्रतनाथ जिनालय, वैशाली नगर के लिए पैदल यात्रा का आयोजन किया गया।यात्रा संघ के संयोजक अनिल जैन के नेतृत्व में पद-यात्रा प्रातः 5 बजे श्री 1008 चंद्रप्रभु दिगंबर जैन पल्लीवाल मंदिर, शक्तिनगर से रवाना हुई। करीब 14 किलोमीटर की इस पदयात्रा में 70 महिला पुरुष शामिल हुए।सभी पदयात्रियों ने मार्ग में पड़ने वाले श्री 1008 संभवनाथ दिगंबर जैन मंदिर, श्याम नगर स्थित श्री महावीर स्वामी जैन मंदिर, श्री जैन श्वेतांबर संस्था और आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, नित्यानंद नगर स्थित जैन मंदिर और नेमीसागर वैशाली नगर स्थिते जैने मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना की। नेमी सागर जैन मंदिर कमेटी के अध्यक्ष जे के जैन कालाडेरा के नेतृत्व में मंदिर कमेटी ने सभी पदयात्रियों का माला एवम दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया ' इससे पहले सभी पदयात्री प्रातः 5 बजे जैन मंदिर पहुंचे और सभी ने सामूहिक रूप से दर्शन व पूजा-अर्चना की। इसके बाद सभी ने परिसर में बैठ कर 27 बार णमोकार मंत्र का जाप किया। इसके बाद पद यात्रा रवाना हुई।

# वतन लौटने पर डॉ नरेन्द्र पारख का वर्द्धमान परिवार ने किया अभिनन्दन

**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**




ब्यावर। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख जिनको हाल ही में वर्ल्ड क्लास सिटी सिंगापुर में साउथ-ईस्ट एशिया बिजनेस आइकॉन-अवार्ड से सम्मानित किया गया है। सम्मान प्राप्त करने के पश्चात पुनः अपने वतन लौटने पर वर्द्धमान ग्रुप से जुड़े शिक्षण संस्थान एवं समिति के पदाधिकारियों ने स्वागत अभिनन्दन किया गया। वर्द्धमान कॉन्फ्रेंस सभागार में आयोजित कार्यक्रम में श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के अध्यक्ष शांतिलाल नाबरिया, कोषाध्यक्ष रमेश चंद मेड़तवाल, निर्माण समिति के चंदू लाल कोठारी, वर्द्धमान कन्या पीजी महाविद्यालय के प्राचार्य एवं निदेशक डॉ आर.सी.लोढ़ा, भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल की डायरेक्ट प्रिंसिपल डॉ निवेदिता पाठक, श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र कुमार शर्मा, वर्द्धमान रूट्स इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल श्वेता नाहर, एकेमिक डीन नीलम लोढ़ा आदि ने डॉ नरेन्द्र पारख का माला पहनाकर एवं बुके भेंट करके अभिनन्दन किया। इस अवसर पर वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज स्टाफ, वर्द्धमान फैशन डिजाइनिंग & मेकअप आर्टिस्ट की फेकल्टी,स्टूडेंड एवं वर्द्धमान ऑफिस मैनेजमेंट स्टाफ मेम्बर्स मौजूद रहे। इस मौके पर निदेशक डॉ आर सी लोढ़ा ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस सम्मान से पूरा वर्द्धमान परिवार गौरवांवित हुआ है। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि डॉ नरेन्द्र पारख के रूप में अति ऊर्जावान एवं दूरगामी सोच वाला व्यक्तित्व का सानिध्य मिल रहा है। समिति के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों के भागीरथी प्रयासों एवं डॉ पारख के संस्था के प्रति पूर्ण समर्पण एवं दानवीर भामाशाहों को निरन्तर मोटिवेशन की वजह से समिति द्वारा संचालित समस्त शैक्षणिक इकाइयां नित नये आयाम स्थापित करने की ओर अग्रसर है। विदेश में इस तरह का बड़ा सम्मान मिलना सच में वर्द्धमान परिवार के साथ सम्पूर्ण क्षेत्र को गौरवान्वित करने वाला अवसर है।

# भव्य गुप्ता बालक वर्ग में एवं आशी उपाध्याय बालिका वर्ग में जयपुर जिला शतरंज चैम्पीयन घोषित




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

सीपीए राजस्थान द्वारा दो दिवसीय चैस प्रतियोगिता 11-12 मई. 2024 को टगौर पब्लिक स्कूल शास्त्री नगर, जयपुर में सम्पन्न हुई। जिसमें अन्डर 17 ओपन कॅटेगिरी में भव्य गुप्ता एवं आशी उपाध्याय बालिका वर्ग में जयपुर जिला शतरंज चैम्पीयन घोषित हुये। पुरुस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि अनिल पुनिया प्रिन्सीपल, टैगोर विद्या भवन, अमित गुप्ता सीपीए प्रेसीडेन्ट श्रीमती चेतना शर्मा, पण्डित दिनेश शर्मा एवं टूर्नामेंट डायरेक्टर जयेन्द्र चतुर्वेदी उपस्थित हुये। चीफ आर्सटीटेटर भगवती प्रसाद शर्मा ने इस दो दिवसीय टूर्नामेंट का रिकोर्ड प्रस्तुत किया, जिसमें कुल 128 प्रतियोगियों ने भाग लिया, कुल 7 राउण्ड में प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। प्रत्येक बालिका एवं ओपन वर्ग में से दो चयनित खिलाड़ी आगामी स्टेट प्रतियोगिता में सीधे प्रवेश ले सकेंगे, जिनका प्रविष्ठि शुल्क सीपीए, राजस्थान द्वारा वहन किया जायेगा। आज सम्पन्न हुई प्रतियोगिता में, दोनों वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय को ट्रॉफी के साथ कमशः 3 हजार 2 हजार एवं 1 हजार नकद पुरुस्कार भी दिया गया। दोनों वर्ग में चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त करने वाली प्रतियोगियों को 500 रुपए नकद पुरुस्कार दिया गया। सीपीए राजस्थान द्वारा 7 से 9 जून, 2024 (तीन दिवसीय) को आईएम कैम्प करवाने की भी घोषणा अमित गुप्ता, प्रसीडेन्ट सीपीए के द्वारा की गई। जिसके प्रवेश के लिये संस्था के नामित सदस्यों से सम्पर्क किया जा सकता है। जयन्द्र चतुर्वेदी ने बताया कि दि॰ 29 मई से 2 जून, 2024 तक 5 लाख रुपए नकद पुरुस्कार का रेटेड टूनार्मेंट भी आयोजित किया जा रहा है।

# आचार्य 108 श्री सुनीलसागरजी महाराज ससंघ के द्वारा "आदि अर्चना जिनवाणी संग्रह" का भव्य विमोचन



**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

अजमेर। श्री दिगम्बर जैन महासमिति के राष्ट्रीय कार्यकारिणी नई दिल्ली के सदस्य व अजमेर संभाग के महामंत्री कमल गंगवाल ने बताया कि आज आचार्य श्री आदिसागरजी अकंलीकर परम्परा के चतुर्थ पट्टाधीश चर्या चक्रवर्ती वर्तमान के वर्धमान राष्ट्रसंत प्राकृत ज्ञान केसरी आचार्य 108 श्री सुनील सागरजी महाराज ससंघ ने आज आचार्य विद्यासागर तपोवन छतरी योजना की प्रवचन धर्मसभा में आज प्रातः 9 बजे ''आदि अर्चना जिनवाणी संग्रह'' का विमोचन किया जिसके पुण्यार्जक परिवार श्रीमती मोहिनी देवी गंगवाल मातुश्री सुनील, कमल, धनेश, पंकज, सचिन गंगवाल परिवार थे । यह जिनवाणी संग्रह सभी जिन मन्दिरजी, नसियांजी आदि धार्मिक स्थानों पर वितरित की जायेगी जिससे धर्म की प्रभावना होगी। समाजसेवी सुनील गंगवाल व धनेश गंगवाल ने बताया कि उपरोक्त जिनवाणी 664 पेज की है जिसमें 24 भगवान की पूजन, पर्व पूजा, निर्वाण कांड, सभी स्त्रोत स्तुतियां, गुरू पूजा, भक्तामर महामंडल विधान, भजन, आरतीयां, साधु पडगाहन विधि, जाप मंत्र आदि का विस्तृत विवरण दिया गया है। इस अवसर पर आचार्य श्री ने खचाखच भरे पांडाल में अपने आशीर्वचन में कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यो के लिये समय समय पर जिनवाणी छपवा कर जिन मन्दिरजी व धार्मिक स्थलों में रखनी चाहिये जिससे आने वाले पूजार्थीयों को इसका लाभ मिलता रहे और अन्त में गंगवाल परिवार को आशीर्वाद प्रदान किया। सभा में सुनील गंगवाल, प्रदीप पाटनी, पुखराज पहाडिया, संदीप बोहरा, प्रो. सुशील पाटनी, संजय सोनी, सुशील बाकलीवाल, पंकज गंगवाल, प्रकाश पाटनी, मनोज मोडासिया, सौरभ गंगवाल, कैलाशचंद सेठी, संजय कुमार जैन,अतुल पाटनी,विजय पांड्या,देवांग गंगवाल, मनीष सेठी,अनिल गदिया, प्रेमचंद सेठी,अरूण सेठी, ताराचंद सेठी, रूपश्री, सरला, रूबी, मोना, अलका, किरण, कविता, सीमा, कनिका, एकता, रीतू पाटनी सहित सैकडो भक्तजन मौजूद थे ।